प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 15.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की डेढ सौ वीं जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली स्थित संसद परिसर में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि देशभर में उनकी जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनायी जा रही है। भगवान बिरसा मुंडा की विरासत और आदिवासी उत्थान के लिए किया गया उनका संघर्ष सदैव अमर रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री मोदी नर्मदा जिले के देडियापाडा में 9 हजार 700 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय अभियान पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बनाये गये एक लाख घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भी शाामिल होंगे। इधर प्रदेश में भी जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जनजातीय नायक बिरसा मुंडा को याद किया जा रहा है। राज्यस्तरीय समारोह आज डूंगरपुर के भोगी लाल पंड्या कॉलेज मैदान में रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसमें शिरकत कर रहे है। समारोह में श्री शर्मा जनजातीय समुदायों के विकास और कल्याण के लिए करीब 87 करोड़ रूपये के कामों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वहीं किसानों और जनजातीय छात्र छात्राओं को लगभग 204 करोड़ रूपये की राशि डीबीटी करेंगे। मुख्यमंत्री कृषि, कला, संस्कृति, उद्यमिता और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वालों को जनजातीय गौरव सम्मान भी प्रदान करेंगे। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में सभी जिलों में प्रदर्शनी, शोभायात्रा स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पाजंलि कार्यक्रम तथा चिकित्सा शिविर रखे गये है।

..........................

प्रधानमंत्री श्री मोदी 19 नवम्बर को **पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त** जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार 2019 में शुरू हुई इस योजना के माध्यम से प्रत्येक पात्र किसान को 6 हजार रूपये सालाना की वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाती है। योजना के तहत अब तक देश के 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को 20 किस्तों के माध्यम से 3 लाख 70 हजार करोड़ से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। योजना का लाभ उन किसानों को मिल रहा है जिनकी जमीन का ब्यौरा पीएम किसान पोर्टल पर दर्ज है।

..........................

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वी श्रीनिवास प्रदेश के नये मुख्य सचिव हो सकते है। राज्य सरकार के आग्रह पर केन्द्र सरकार ने उन्हें कार्यमुक्त कर उनके मूल राजस्थान कैडर में वापसी को मंजूरी दे दी है। वी श्रीनिवास वर्तमान में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग तथा पेंशन एवं पेशनर्स कल्यण विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत थे। केबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनकी केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से मुक्ति को मंजूरी दी है। इस बीच अब राज्य सरकार उनके मुख्य सचिव बनने के आदेश जारी कर सकती है। वहीं राज्य के मुख्य सचिव रहे सुधांश पंत को केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है।

..........................

प्रदेश में सहकार सदस्यता अभियान के दौरान 9 लाख लोगों को सहकारिता से जोडा गया और 22सौ से अधिक नये पेक्स गठित किये गये है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कल उदयपुर मे ये जानकारी दी। उन्होंने गांधी ग्राम पर आयोजित सहकार मेले और आदि हाट का शुभारम्भ किया। श्री दक ने कहा कि भविष्य में सहकार मेलों को जिलास्तर तक आयोजित किया जायेगा। मेले में सहकारी संस्थाओं के उत्पादों के साथ ही वन धन केन्द्रों के उत्पादों को भी शामिल किया गया है।

..........................

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कल सवाईमाधोपुर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डो में जाकर मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का फीडबेक लिया। चिकित्सा मंत्री ने बुजुर्गो के लिये बनाये गये वार्ड का भी अवलोकन किया।

...........................

पहाडी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं से प्रदेश में सर्दी का असर और तेज हो गया है। नागौर, सीकर, बारां, दौसा, चूरू सहित कुछ शहरों में रात का तापमान 8 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। वहीं टोंक और सीकर में आज और कल शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। कई जगह दिन और रात के तापमान में काफी अंतर से मौसम में उतार चढाव की स्थिति बनी हुई है।

...........................